मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-91
17/02/2019

मुख्यमंत्री ने जननायक कर्पूरी ठाकुर को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की

पटना, 17 फरवरी 2019 :– आज जननायक कर्पूरी ठाकुर की पुण्यतिथि के अवसर पर जननायक कर्पूरी ठाकुर स्मृति संग्रहालय में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

समारोह में उप मुख्यमंत्री श्री सुशील कुमार मोदी, संसदीय कार्य मंत्री श्री श्रवण कुमार, कला, संस्कृति एवं युवा कार्य मंत्री श्री कृष्ण कुमार ऋषि सहित कई गणमान्य लोगों ने भी जननायक कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

राज्य सरकार के कला एवं संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित उक्त समारोह में सर्वधर्म प्रार्थना भी आयोजित की गई।

******